**18th Photo contest in Asia and the Pacific**

5089. SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Indian Commission for Cooperation with UNESCO have forwarded the participation requests from people of the country to participate in the 18th Photo Contest in Asia and the Pacific;

(b) if so, details thereof with objectives;

(c) whether the people of the country will be benefited from the participation in such contests; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) to (d) In response to the decision of Asia/Pacific Cultural Centre for UNESCO (ACCU) to organise 18th Photo Contest in Asia and the Pacific, an advertisement has been placed in the newspapers through the Directorate of Advertising and Visual Publicity. Entries are to be sent directly by the participants to ACCU.

The objective of the contest is to promote mutual understanding and friendship among the Member States of UNESCO in the Asia-Pacific Region.

**गुजरात में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का क्षेत्रीय केन्द्र**

5090. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को गुजरात सरकार से गुजरात में पश्चिमी जोन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के एक क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) और (ख) नवम्बर, 1991 में गुजरात के मुख्य मंत्री ने भारत सरकार से अहमदाबाद अथवा गांधीनगर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय के गठन का अनुरोध किया । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार आयोग ने सैद्धांतिक रूप से अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के गठन का निर्णय लिया है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति विभिन्न मुद्दों जैसे क्षेत्रीय कार्यालयों के स्थान, बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता, संचालनात्मक कार्य ढांचे इत्यादि की जांच कर रही है ।

**मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय**

5091. **श्री राघवजी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के किन-किन शहरों में केन्द्रीय विद्यालय हैं और किन-किन शहरों में नवोदय विद्यालय खुले हुए हैं;

(ख) उक्त विद्यालयों में कौन-कौन से विद्यालय केन्द्रीय सरकार के भवनों में नहीं चल रहे हैं; और

(ग) इन विद्यालयों के लिए कब तक भवनों का निर्माण किए जाने की संभावना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) और (ख) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण-1 और 2 में दी गई है (नीचे देखिए) ।